# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 15/11/2020

**मुख्यमंत्री सचिवालय**
**प्रेस विज्ञप्ति-860/2020**
**15 नवंबर 2020**
**जैप एक ग्राउंड, डोरंडा, रांची**

**==============**

**मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन डोरंडा स्थित जैप एक मैदान में आयोजित अलंकरण परेड समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए**

**===========**

**मुख्यमंत्री ने विशिष्ट सेवा के लिए 3 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को राज्यपाल पुलिस पदक, 47 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को वीरता के लिए मुख्यमंत्री पुलिस पदक और 30 पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक देकर सम्मानित किया**

**========**

**अलंकरण परेड समारोह कार्यक्रम में 6 शहीद पुलिस जवानों के आश्रितों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया**

**======**

**झारखंड की धरती ने कई वीर सपूत दिए हैं , इनकी शहादत सदैव याद रखे जाएंगे**

**साफ नीयत औऱ सही सोच के साथ आगे बढ़े, मंजिल निश्चित तौर पर मिलेगी**

**लंबे संघर्ष के बाद हमने झारखंड अलग राज्य को हासिल किया है**

**शहीदों के आश्रितों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा**

**श्री हेमंत सोरेन**
**मुख्यमंत्री झारखंड**

झारखंड अलग राज्य के सृजन के आज 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। एक लंबे संघर्ष के बाद यह राज्य अस्तित्व में आया । अलग राज्य के लिए हुए संघर्ष में हजारों लोग शामिल हुए । इनमें कई आंदोलनकारी शहीद हुए। ऐसे में राज्य स्थापना दिवस के मौके पर इनकी कुर्बानी को याद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने आज राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप एक मैदान में आयोजित अलंकरण परेड समारोह कार्यक्रम में कही ।

**विधि व्यवस्था और सुरक्षा में पुलिस बलों का अहम योगदान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद यहां कई व्यवस्थाएं नए सिरे से बननी शुरू हुई ।इसी क्रम में राज्य में शान्ति, अमन चैन, विधि व्यवस्था और राज्यवासियों की सुरक्षा में पुलिस बलों का अहम योगदान रहा है ।पुलिस पदाधिकारी एवं जवान अपने कर्तव्यों का निरंतर निर्वहन कर रहे हैं । इस दिशा में अपनी पहचान बनाते हुए जो आपने सम्मान पाया है, उसके लिए ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं ।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण, शहीदों के आश्रितों को सम्मानित करने के साथ वीरता एवं साहस के लिए पदक से नवाजे गए पुलिस पदाधिकारियों और जवानों का अलंकरण किया।

**झारखंड की धरती ने कई वीर सपूत दिए हैं**

झारखंड की धरती ने कई वीर सपूत दिए है । जब भारत अंग्रेजों के अधीन था तो भगवान बिरसा मुंडा, अमर शहीद सिद्धो कान्हो , नीलाम्बर पीताम्बर और शेख भिखारी जैसे हजारों वीरों ने देश की आजादी के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया था । इन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई में अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया था ।इन महापुरुषों और वीर शहीदों को आज नमन और स्मरण करने का दिन है ।

**समय-समय पर चुनौतियां आती रहती है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्त एक जैसा नहीं होता है ।समय-समय पर चुनौतियां आती रहती है । हमें इसका सामना संयम धैर्य और ईमानदारी के साथ करना चाहिए । उन्होंने कहा कि साफ नीयत औऱ सही सोच के साथ आगे बढ़े तो मंजिल निश्चित तौर पर मिलेगी ।

## चुनौतियों को कंधे पर उठाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 काफी चुनौतियों भरा साबित हो रहा है , लेकिन हमने इसे अवसर के रूप में लिया है ।कोरोना महामारी से पूरा विश्व जूझ रहा है । झारखंड भी इससे अलग नहीं है , लेकिन हमने इन चुनौतियों को अपने कंधे पर उठाया है और आपकी मिले सहयोग से निडरता के साथ लगातार आगे बढ़ रहे हैं । इसमें बहुत हद तक हमें सफलताएं मिल चुकी हैं और पूरा विश्वास है कि कामयाबी हमारे कदम चूमेगी ।

## कोरोना काल में पुलिस का हर मोर्चे पर अहम योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान हर मोर्चे पर पुलिस का अहम योगदान रहा है । जहां राज्य के सभी थानों में सामुदायिक किचन के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया , वही कोरोना योद्धा के रूप में पुलिस ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया । इस दौरान कई पुलिस संक्रमित भी हुए और कई की जान भी चली गई । इतना ही नहीं संक्रमण से निकलने के बाद पुलिसकर्मी फिर से कोरोना के खिलाफ चल रही लड़ाई में शामिल हो गए ।

## शहीद पुलिस कर्मियों के आश्रितों को सम्मानित किया

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 6 शहीद पुलिस जवानों के आश्रितों को सम्मानित किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सुरक्षा की खातिर कई जवान अपनी शहादत देते हैं ।शहीदों की शहादत का पूरा सम्मान सरकार करेगी । उन्होंने शहीदों के आश्रितों से कहा कि अगर उन्हें किसी तरह की समस्या हो तो वे बेहिचक अपनी बातें हमारे पास रखें ।उनकी सहायता के लिए हम सदैव तत्पर हैं ।

## पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को पदक मिला

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में 80 पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को पदक देकर सम्मानित किया । इनमें साकेत कुमार सिंह, आइजी अभियान समेत तीन पुलिस कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राज्यपाल पुलिस पदक, 47 पुलिस पदाधिकारियों जवानों को वीरता के लिए मुख्यमंत्री पुलिस पदक, 30 पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सराहनीय कार्य के लिए झारखंड पुलिस पदक प्रदान किया गया ।इसके अलावा बुनियादी प्रशिक्षण में अव्वल रहने वाले 3 पुलिस पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया ।

**मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया**

समारोह के शुरू में मुख्यमंत्री ने पुलिस बलों के परेड का निरीक्षण किया । इस परेड में जैप एक, जैप दो, जैप दस, जैप एक और जैप का मिश्रित दस्ता, आईआरबी, झारखंड जगुआर और रांची पुलिस बल शामिल था ।

**आईपीएस अतिथिगृह का उद्घाटन किया**

मुख्यमंत्री ने जैप एक परिसर में नवनिर्मित आईपीएस अतिथि गृह का उद्घाटन किया ।इस अतिथि गृह में 24 कमरे हैं और पुलिस पदाधिकारियों के रहने की बेहतर व्यवस्था की गई है।

**अलंकरण परेड समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री राजीव अरुण एक्का, पुलिस महानिदेशक श्री एम वी राव, जैप के महानिदेशक श्री नीरज सिन्हा, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति श्री पी आर के नायडू, जैप के महानिरीक्षक श्री सुधीर कुमार झा , रांची के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।**
**###।**
**====================**
**#Team PRD(CMO)**